पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः आषाढ़ 17, 1944

शुक्रवारः 08 जुलाई 2022

पहली 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन डिफेंस'' **प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी नई दिल्ली में 11 जुलाई को;**

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह 75 नव-विकसित कृत्रिम मेधा उत्पाद लॉन्च करेंगे

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में आयोजित पहली 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन डिफेंस' (एआईडेफ) संगोष्ठी एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ 11 जुलाई 2022 को करेंगे। इस कार्यक्रम में सेवाओं, अनुसंधान संगठनों, उद्योग और स्टार्ट-अप तथा नवोन्मेषकों द्वारा विकसित अत्याधुनिक कृत्रिम मेधा द्वारा समाधानों का प्रदर्शन करने वाले एक कार्यक्रम का आयोजन और बाजार के लिए कृत्रिम मेधा उत्पाद लॉन्च किए जाएंगे।

इस संबंध में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने कहा कि यह एक बड़ा आयोजन है जहां स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने वाले समारोहों के हिस्से के 'आजादी का अमृत महोत्सव' और रक्षा में 'आत्मनिर्भरता' पहल को बढ़ावा देने के लिए रक्षा में अनुप्रयोग से संबंधी 75 नव-विकसित कृत्रिम मेधा उत्पादों/प्रौद्योगिकियों को रूप में शुरू किया जाएगा । ये उत्पाद स्वचालित/मानवरहित/रोबोटिक्स प्रणालियों, साइबर सुरक्षा, मानव व्यवहार विश्लेषण, बुद्धिमान निगरानी प्रणाली, रसद और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, भाषण/ध्वनि विश्लेषण और कमान, नियंत्रण, संचार, कंप्यूटर और आसूचना, निगरानी और सर्वेक्षण (सी 4 आईएसआर) प्रणालियों और परिचालन डेटा विश्लेषिकी के कार्यक्षेत्र में हैं। आरंभ किए जा रहे 75 उत्पादों के अलावा, अन्य 100 विकास के विभिन्न चरणों में हैं।

इसके अलावा, इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के दो शीर्ष रक्षा निर्यातकों को सम्मानित किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन के दौरान अपर सचिव श्री संजय जाजू ने एक सवाल के जवाब में कहा कि रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2021-22 में 13,000 करोड़ रुपये के अब तक के उच्चतम आंकड़े को पार कर गया है, जिसमें 70% योगदान निजी क्षेत्र से और शेष 30% सार्वजनिक क्षेत्र से आया है।

इस कार्यक्रम में सेवाओं, शिक्षा जगत, छात्रों, अनुसंधान संगठनों और उद्योग से सक्रिय भागीदारी के साथ 'रक्षा में कृत्रिम मेधा का उपयोग', 'जेननेक्स्ट कृत्रिम मेधा समाधान' और 'रक्षा में कृत्रिम मेधा- उद्योग परिप्रेक्ष्य' पर पैनल चर्चा भी होगी।

भविष्य के कृत्रिम मेधा समाधानों पर छात्रों के उज्ज्वल अभिनव विचारों को प्राप्त करने के लिए एक 'जेननेक्स्ट एआई' समाधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कृत्रिम मेधा विशेषज्ञों द्वारा प्रदत्त शीर्ष तीन विचारों को भी सम्मानित किया जाएगा। कृत्रिम मेधा उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई है। इस कार्यक्रम में मित्र देशों के गणमान्य व्यक्तियों, रक्षा मंत्रालय और भारत सरकार के अन्य मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों, अनुसंधान संस्थानों, शिक्षा जगत और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है।

रक्षा में कृत्रिम मेधा को बढ़ावा देने के लिए एक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए 2018 में रक्षा पर एक कृत्रिम मेधा कार्यबल की स्थापना की गई थी। अपनी संस्तुतियों पर कार्रवाई करते हुए, रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में एक रक्षा कृत्रिम मेधा परिषद इस प्रयास का नेतृत्व कर रही है।

एबीबी/डीके/डीएस/आरपी